भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

मलावी में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में संबोधन

लिलोंग्वे: 17 अक्तूबर, 2024

मुझे आज 'Warm Heart of Africa' मलावी में आप सभी के बीच उपस्थित होकर बड़ी प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। भारत के राष्ट्रपति की मलावी की यह पहली यात्रा है, और मैं मलावी आने के लिए निमंत्रण देने तथा मुझे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के स्वागत और आतिथ्य के लिए मलावी सरकार की आभारी हूं। मेरे साथ हमारे Minister of State श्री सुकांत मजूमदार, और संसद सदस्य श्री अतुल गर्ग और श्री मुकेशकुमार दलाल भी हैं, और हम अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों का अभिनंदन लेकर आये हैं।

मित्रों,

भारत और अफ्रीका दोनों की सीमाओं के साथ हिंद महासागर लगता है। प्राचीन काल से ही हिन्द महासागर के माध्यम से, भारत और अफ्रीका के बीच व्यापार मार्गों, वाणिज्यिक संपर्कों और लोगों के बीच संपर्क बना रहा है। दोनों देशों के लोग सदियों से यात्रा करते रहे हैं, दोनों देशों को अपना निवास बनाते रहे हैं, और आपसी संपर्क विकसित करते रहे हैं। आधुनिक समय में, भारत और अफ्रीका ने colonialism के विरुद्ध संघर्ष किया।

भारत और मलावी के राजनयिक संबंधों को 60 वर्ष पूरे हो गए हैं। ये रिश्ते ऐतिहासिक हैं, और हमारे गहरे सांस्कृतिक संबंध भी हैं। 19वीं सदी के अंत में मलावी में पहली बार भारतीय आए। मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि Indian Association

of Malawi की स्थापना 1917 में हुई थी, जिसे Blantyre में Indian Sports Club के नाम से जाना जाता है। 1940 के दशक में लिलोंग्वे में Indian Country Club का गठन किया गया। ये दोनों club आज भी कार्य कर रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने अदम्य साहस दिखाते हुए, 100 साल से भी पहले मलावी में आकर बसे, और भारत-मलावी मित्रता का आज भी यहाँ प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जोकि एक उदाहरण है। मलावी के लोगों ने तहेदिल से भारत और इसके लोगों को अपना बनाया है। साथ ही, प्रवासी भारतीयों ने मलावी में विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। खेल के क्षेत्र में श्री संतोख सिंह जैसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीयों ने असाधारण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, और सभी प्रवासी भारतीयों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण हैं।

मैं कल राष्ट्रपति चकवेरा और मलावी के अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत करूँगी। हमारा प्रयास होगा कि इस रिश्ते को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए लाभप्रद और सार्थक चर्चा हो। मुझे यह जानकर भी प्रसन्नता हो रही है कि भारत के business community का एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी मलावी के दौरे पर है। मैं आशा करती हूं कि वे हमारे व्यापार और आर्थिक संबंधों में विस्तार करेंगे।

मित्रों,

भारत आपसी विश्वास, समानता, और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों पर आधारित अफ्रीकी महाद्वीप के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है। अफ्रीका के साथ सहयोग का हमारा model स्थानीय संसाधन का उपयोग करने, और क्षमता निर्माण का है, जो अफ्रीका की अपनी आवश्यकताओं की प्राथमिकता पर आधारित है। यह पिछले 10 वर्षों में अफ्रीका के साथ हमारे राजनीतिक जुड़ाव की अभूतपूर्व गति में साफ दिखता है। हमारे सहयोग के मुख्य स्तंभ development partnership, capacity building, व्यापार और आर्थिक सहयोग, रक्षा और सुरक्षा, और लोगों से

लोगों का संपर्क हैं। प्रत्येक स्तंभ भारत-अफ्रीका संबंधों के लिए महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि हमारी सरकार का प्रयास रहा है कि अफ्रीका में नए दूतावास और उच्चायोग खोले जाएं, ताकि देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुसार हमारी गतिविधियां की जा सकें।

भारत में तेजी से सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। हम विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था हैं, और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। हमारे policy goals वर्ष 2047 तक "विकसित भारत" के हमारे vision से जुड़े हैं, और infrastructure development, digitalisation, green energy, और सामाजिक उत्थान पर नए सिरे से ध्यान दिया जा रहा है।

पिछले साल African Union को G20 संगठन का स्थाई सदस्य बनाने में भारत ने भूमिका निभाई थी। Global South के अग्रणी सदस्य के रूप में, भारत विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या के हितों का प्रतिनिधित्व करने की अपनी भूमिका को गंभीरता से लेता है, और आगे भी Global South के देशों के साथ अपने अनुभवों और अपनी क्षमताओं को साझा करता रहेगा।

दोस्तों,

भारत में व्यापार, उद्यमों और सांस्कृतिक संबंधों के पर्याप्त अवसर हैं। आप सब अपने विचारों, अपने business models, और अपने investment profiles से हमारी विकास यात्रा में सम्मिलित हो सकते हैं। हमारा प्रवासी भारतीय समाज भारत में हो रहे परिवर्तन का एक अभिन्न अंग है, और देश की ओर से मैं, आप सभी को इस परिवर्तन यात्रा में शामिल होने और हमारे development agenda को आगे बढ़ाने के लिए आगे आने का आग्रह करती हूं।

भारत के बाहर रह रहे हमारे देशवासियों का कल्याण करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम भारतीयों की चिंताओं को दूर करने और उनकी सुरक्षा,

कल्याण और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए विश्व में अपने partners के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मैं आज यहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। आप भारत की जीवंतता, विविधता और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, और भारत और मलावी की मित्रता की जीवंत कड़ी हैं। मैं आपकी सफलता की कामना करती हूं और मलावी के हमारे भाइयों और बहनों को भी बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। हमारे ये संबंध पीढ़ी दर पीढ़ी समृद्ध होते रहें!

धन्यवाद,

जय हिन्द!